# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर
# MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY, BIKANER
FORMERLY UNIVERSITY OF BIKANER, BIKANER
राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत
NATIONAL HIGHWAY NO. 15, JAISALMER ROAD, BIKANER-334004 (RAJASTHAN) INDIA
दूरभाष / Phone : 0151-2212044 फैक्स / Fax : 2212042 ई–मेल / E-mail : mgsubikaner@gmail.com

दिनांक :23.10.2018

## अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक सूचना

**I** मुख्य परीक्षा 2019 के लिए ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु दिशा–निर्देशः–

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा **मुख्य परीक्षा 2019** के लिए **दिनांक 25.10.2018** से ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाए जाने का निर्णय लिया गया हैं। परीक्षा आवेदन–पत्र छात्र द्वारा स्वयं अपने सिस्टम अथवा ई–मित्र के माध्यम से भरा जा सकता है। **ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरते समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर मोबाईल नं. 9460713090 एवं 7230068203 पर प्रातः 08.00 बजे से सांय 08.00 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।** ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र सम्बन्धी दिशा–निर्देश निम्नानुसार है :–

1. नियमित अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही नामांकन आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जाएगें।
    - **a.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नियमित अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की स्वप्रमाणित फोटो प्रति संलग्न कर नामांकन आवेदन पत्र पृथक से संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
    - **b.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड / संस्थान से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नियमित अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की मूल प्रति एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न कर नामांकन आवेदन पत्र पृथक से संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
2. स्वयंपाठी अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही नामांकन आवेदन पत्र ऑनलाईन भरे जाएगें।
    - **a.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की स्वप्रमाणित फोटो प्रति संलग्न कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
    - **b.** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड / संस्थान से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की मूल प्रति एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
3. राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर में छात्र संख्या अधिक होने के कारण स्नातक / स्नातकोत्तर कला संकाय में स्वयंपाठी छात्राएँ आवेदन नहीं करें। स्वयंपाठी छात्राएं अन्य स्थानीय महाविद्यालय में आवेदन करें।
4. एमएलबी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में छात्र संख्या अधिक होने के कारण स्नातक स्तर कला संकाय में स्वयंपाठी छात्राएँ आवेदन नहीं करें। स्वयंपाठी छात्राएं अन्य स्थानीय महाविद्यालय में आवेदन करें।

5. राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू मे छात्र संख्या अधिक होने के कारण स्नातक स्तर कला संकाय में स्वयंपाठी छात्राएँ आवेदन नहीं करें। स्वयंपाठी छात्राएं अन्य स्थानीय महाविद्यालय में आवेदन करें।

6. डॉ. बीआरए राजकीय (पीजी) महाविद्यालय, श्रीगंगानगर मे छात्र संख्या अधिक होने के कारण स्नातक स्तर कला संकाय में स्वयंपाठी छात्राएँ आवेदन नहीं करें। स्वयंपाठी छात्राएं अन्य स्थानीय महाविद्यालय में आवेदन करें।

7. राजकीय महाविद्यालय, सूरतगढ़ मे छात्र संख्या अधिक होने के कारण स्नातक स्तर कला संकाय में स्वयंपाठी छात्राएँ आवेदन नहीं करें। स्वयंपाठी छात्राएं अन्य स्थानीय महाविद्यालय में आवेदन करें।

8. अर्हता परीक्षा में 45% अंकों से कम प्राप्तांक वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थी स्नातक स्तर विज्ञान संकाय प्रथम वर्ष में आवेदन के पात्र नहीं हैं तथा पात्र अभ्यर्थी केवल राजकीय महाविद्यालय में ही आवेदन करें।

9. परीक्षा/नामांकन आवेदन–पत्र भरने के दो दिवस में समस्त दस्तावेजों सहित संबधित महाविद्यालय में जमा करावें। आवेदन–पत्र संबधित महाविद्यालय में जमा नहीं होने पर परीक्षा में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

10. जो छात्र किसी कारणवश विश्वविद्यालय परीक्षा–2018 में सम्मिलित नहीं हुए हैं, उनका परीक्षा आवेदन पत्र पूर्व की परीक्षा (2016/2017) के रोल नं. से ही खुलेगा।

11. स्नातकोत्तर कक्षाओं में जो अभ्यर्थी विश्वविद्यालय अध्यादेश 169-E के अन्तर्गत अंक सुधार (Improvement) के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें पूर्व में उतीर्ण की गई कक्षा की मूल अंकतालिका आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करनी आवश्यक है।

12. जिन छात्रों का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं हुआ है, ऐसे छात्र विश्वविद्यालय अध्यादेश 157-A (15) के अनुसार मुख्य परीक्षा 2018 के परिणाम के अनुसार जिस कक्षा के लिए पात्र हैं, उस कक्षा के लिए निर्धारित समय अवधि में ऑन लाईन आवेदन–पत्र भरें। पुनर्मूल्यांकन के पश्चात् यदि इनका परिणाम परिवर्तित होता है (फेल से ईएफपीएस, ईएफपीटी या पूरक) तो इनके द्वारा भरे गए आवेदन–पत्र को अगली उच्च कक्षा में स्थानान्तरित कर दिया जाएगा। **परीक्षा आरंभ होने की तिथि से तीन दिवस पूर्व तक आवेदन–पत्र अगली उच्च कक्षा में परिवर्तन नहीं होने पर संबधित महाविद्यालय से प्रवेश/अनुमति पत्र में परिवर्तन करावें।**

13. पूरक परीक्षा–2018 में प्रविष्ट हुए परीक्षार्थियों के मुख्य परीक्षा–2019 हेतु परीक्षा आवेदन पत्र पूरक परीक्षा के रोल नं. से खुलेंगें। चूंकि पूरक परीक्षा–2018 का परिणाम घोषित हो चुका है इसलिए पूरक परीक्षा–2018 में प्रविष्ट हुए परीक्षार्थियों को पृथक से अवसर नहीं दिया जावेगा।

14. ऑन लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी समस्त जानकारियाँ विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.mgsubikaner.ac.in** अथवा **univindia.net** अथवा सम्बन्धित महाविद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

15. विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा 2019 के लिए निर्धारित परीक्षा/नामांकन शुल्क निम्नानुसार है :-

**I-FEE PAYABLAE FOR UG COURSES**

| S.NO | Class | Regular/ Ex- Student | Non-Coll | Due Paper |
|---|---|---|---|---|
| | | Fees | Fees | Fees |
| 1. | B.A/B.Sc./B.Com. Part-I | 700/- | 1050/- | - |
| 2. | B.A/B.Sc./B.Com. Part -II | 700/- | 1050/- | 450/- |
| 3. | B.A/B.Sc./B.Com. Part -III | 800/- | 1150/- | 450/- |

**II-FEE PAYABLAE FOR PG COURSES**

| S.NO. | Class | Regular/ Ex- Student | Non-Coll | Due Paper |
|---|---|---|---|---|
| | | Fees | Fees | Fees |
| 1. | M.A./M.Sc/M.Com. (Prev.) | 750/- | 1200/- | - |
| 2. | M.A./M.Sc/M.Com. (Final) | 850/- | 1300/- | 450/- |

**III-FEE PAYABLAE FOR PROFESSIONAL COURSES**

| S.NO. | Class | Regular / Ex- Student | Due Paper |
|---|---|---|---|
| | | Fees | Fees |
| 1. | BCA/BBA/BFA Part-I & II | 1200/- | 450/- |
| 2. | BCA/BBA/BFA Part-III and BFA Part IV | 1400/- | 450/- |
| 3 | B.ED. Part-I | 1150/- | - |
| 4 | B.ED. Part-II | 1250/- | 450/- |
| 5 | B.P.Ed. Part-I | 1100/- | - |
| 6 | B.P.Ed. Part-II | 1200/- | 450/- |
| 7 | M.ED. Part-I | 1400/- | - |
| 8 | M.ED. Part-II | 1500/- | 450/- |
| 9 | B.A. B.Ed./B.Sc. B.Ed. (Integrated Course) Part- I & II | 1150/- | 450/- |
| 10 | B.Ed. (Special Course) Part-I | 1150/- | - |
| 11 | B.Ed. (Special Course) Part-II | 1250/- | 450/- |
| 12 | L.L.B. Part- I, II | 800/- | - |
| 13 | L.L.B. Part- III | 950/- | - |
| 14 | LL.M. Part- I | 1000/- | - |
| 15 | LL.M. Part- II | 1100/- | 450/- |
| 16 | M.Sc. Computer Sc./ I.T. Biotechnology/Micro-Biology/ Pharmaceutical Chemistry/Environmental Science Bio-Chemistry & All others M.Sc. (Previous) | 1200/- | - |
| 17 | M.Sc. Computer Sc./ I.T. Biotechnology/Micro-Biology/ Pharmaceutical Chemistry/Environmental Science Bio-Chemistry & All others M.Sc. (Final) | 1300/- | 450/- |
| 18 | DIP. in Labour Law/ Criminology/ Forensic Science/Humanrights/Insurance | 900/- | - |
| 19 | PGDCA | 1300/- | - |
| 20 | M.Phil | 1650/- | - |

**IV-FEE PAYABLAE FOR SEMESTER COURSES**

| S.NO. | Class | Semester I & II | Semester III & IV | Due Paper |
|---|---|---|---|---|
| | | Fees | Fees | Fees |
| 1. | M.A. (English/History) | 250/- | 280/- | 200/- |
| 2. | M.Sc. (Computer Science, Microbiology and Environmental Science) | 350/- | 380/- | 200/- |

**V-SUPPLYMENTARY EXAM FEE**

| S.NO. | Class | Regular/ Ex- Student | Non-Coll |
|---|---|---|---|
| | | Fees | Fees |
| 1. | Academic Course | 370/- | 370/- |
| 2. | Professional Course | 370/- | - |
| 3. | Law Course | 450/- | - |

| S.No. | **Enrollment Fee** | **Eligibility Fee** (For Those candidates who have passed their qualifying exam. from other than the Board of Sec. Edu. Rajasthan) |
|---|---|---|
| 1 | 200/- | 200/- |
| | **Sports activity (Regular Students per head per session)** | |
| 2 | 70/- | |

**Note :** Fees including cost of Provisional Certificate (Rs. 100/-) for Final Year (Part-III/II) Examination of U.G./P.G./Professional /Diploma courses.

16. नामांकन(जो छात्र पूर्व में नामांकित नहीं है) एवं परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने की प्रारम्भिक एवं अंतिम तिथियाँ निम्नानुसार है :–

| S.no | Name of Class | Without Late Fee | With Late Fee of ₹ 100/- | With Double Exam. Fee |
|---|---|---|---|---|
| 1 | B.A., B.Sc., B.Com., B.B.A.,B.C.A., B.F.A. Part-I (Regular/Ex Students)<br>B.A.,B.Sc.,B.Com.,B.B.A.,B.C.A., Part-II, III , B.F.A.II,III, IV (Regular/Ex Students)<br><br>B.A.,B.Sc.,B.Com., Part-I ,II,III (NC Students)<br>B.A.,B.Sc. (Additional Students )<br><br>M.A., M.Sc., M.Com. (Pre & Final) (Regular/Ex & NC Studetns)<br>All Diploma Courses,<br><br>M.A. (History, Vanshawali, Archaeology & English), M.Sc. (Microbiology, Env.Sci., Cyber Secutity & Comp. Sci.) Semester I & III<br>Only for MGS University Deptts. | 25-10-18<br>To<br>08-11-18 | 09-11-18<br>To<br>15-11-18 | 16-11-18<br>To<br>22-11-18 |

नोटः– छात्र परीक्षा आवेदन पत्र एवं नामांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करने के तीन दिवस में संबधित महाविद्यालय में जमा कराएं अन्यथा उसे परीक्षा में बैठने से वंचित किया जा सकता है।

**II** मुख्य परीक्षा 2019 के लिए ऑन लाईन नामांकन/परीक्षा आवेदन–पत्र भरने सम्बन्धी मुख्य चरणः–

1. छात्र सर्वप्रथम वेबसाईट **www.mgsubikaner.ac.in** अथवा **univindia.net** पर **visit** करें तथा **exam form-2019** विकल्प का चयन करें।
2. स्नातक स्तर प्रथम वर्ष के नवीन परीक्षार्थी जिस कक्षा के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उस कक्षा से सम्बन्धित बटन पर क्लिक करें। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से वर्ष (2017 एवं 2018) में उच्च माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी उ.मा. परीक्षा का रोल नं. एंटर करते हुए **Proceed** बटन पर क्लिक करें।
3. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अतिरिक्त अन्य कोई बोर्ड/संस्थान से उ.मा. परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी **Fresh form** विकल्प का चयन कर **Proceed** बटन पर क्लिक करें।
4. वर्ष 2017 से पूर्व अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी **Fresh form** विकल्प का चयन कर **Proceed** बटन पर क्लिक करें।
5. विश्वविद्यालय में पूर्व में नामांकित **Regular/Ex** छात्र सम्बन्धित कक्षा का चयन करने के पश्चात् **Proceed** कर गत वर्ष दी गई मुख्य परीक्षा–2018 का अनुक्रमांक **(Roll No) Enter** करें। **Roll No. Enter** करने के पश्चात् सिस्टम पर उपलब्ध आवेदन पत्र में **Date of Birth, Postal Address, Mobile No., email address** इत्यादि प्रविष्टियां अंकित करें तथा नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ व हस्ताक्षर अपलोड करें। पूर्व में उत्तीर्ण कक्षा/कक्षाओं की अंकतालिका की फोटो प्रतियां परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करनी आवश्यक हैं। सुनिश्चित करें कि **Postal Address, Mobile No., email address** अपरिवर्तनीय रहे।
6. आवेदन पत्र में वांछित प्रविष्टियां अंकित करने अथवा उपलब्ध विकल्पों का चयन करने के उपरांत **proceed for fees** बटन पर क्लिक करें।
7. सिस्टम पर उपलब्ध आवेदन पत्र की प्रविष्टियों की जांच करने के पश्चात् **Make payment** बटन पर क्लिक करें।
8. ई–मित्र के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र भरने पर निर्धारित शुल्क ई–मित्र के माध्यम से ही जमा होगा।
9. निर्धारित शुल्क जमा होने के पश्चात् तीन प्रतियों में आवेदन पत्र प्रिंट कर दो प्रति (कम्प्यूटर कॉपी एवं विश्वविद्यालय कॉपी) समस्त दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करावें। आवेदन पत्र की एक स्टूडेंट प्रति अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से अपने पास सुरक्षित रखें।
10. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नियमित अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की स्वप्रमाणित फोटो प्रति संलग्न कर नामांकन आवेदन पत्र पृथक से संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

11. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड/संस्थान से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले नियमित अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की मूल प्रति एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न कर नामांकन आवेदन पत्र पृथक से संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
12. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की स्वप्रमाणित फोटो प्रति संलग्न कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।
13. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर के अतिरिक्त अन्य किसी बोर्ड/संस्थान से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्वयंपाठी अभ्यर्थियों को नामांकन आवेदन पत्र के साथ अर्हकारी परीक्षा की अंकतालिका की मूल प्रति एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न कर परीक्षा आवेदन पत्र के साथ ही संबधित महाविद्यालय में जमा कराना होगा।

ह.
परीक्षा नियंत्रक